हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 14 जुलाई 2024

नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा



06 अभियान के तहत देवनारायण मंदिर पर ...



09 तहसील में आय-जाति प्रमाण पत्र बनवाने लग...




## खबर संक्षेप में

### जिले में 8.3 एमएम औसत वर्षा दर्ज

**नलखेड़ा।** जिले में शनिवार की सुबह 8 बजे तक 8.3 एमएम औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिसमें तहसील नलखेड़ा में सर्वाधिक 28 एमएम वर्षा, आगर एवं बडौद में 04-04 एमएम तथा सुसनेर में शून्य वर्षा दर्ज की गई। जिले में अब तक कल 184.7 एमएम औसत वर्षा दर्ज हो चुकी है। जिसमें तहसील आगर में 269.7 एमएम, बड़ौद में 235 एमएम, सुसनेर में 105 एमएम तथा नलखेड़ा तहसील में 129 एमएम वर्षा दर्ज की गई है । गत वर्ष जिले में इस अवधि के दौरान 250 एमएम औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

### एम्स में सोरायसिस के इलाज की सुविधा

**सीहोर।** सोरायसिस त्वचा से संबंधित एक रोग है, जिसमें त्वचा पर एक सफेद परत सी जम जाती है। त्वचा पर लाल चकते उभर आते हैं, जिनमें पीड़ित रोगी को खुजली होती है और त्वचा की सफेद परत झड़ती रहती है। इसके लिए आयुष परिसर स्थित शासकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय में सोरायसिस रोग के इलाज की इकाई में सोरायसिस के रोगियों का निःशुल्क उपचार किया जा रहा है। यहां हर दिन सुबह 9 से शाम 4 बजे तक रोगियों का परीक्षण एवं उपचार की सुविधा है। इसके लिए नवीन रोगी 9630667239 नंबर पर संपर्क कर पंजीयन करा सकते हैं। यह इकाई केन्द्रीय आयुष मंत्रालय दिल्ली और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल के सहयोग से संचालित की जा रही है।

### विद्यार्थियों को कॅरियर मार्गदर्शन

**सीहोर।** शासकीय हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए कॅरियर मार्गदर्शन होगा। इसके लिए नोडल शिक्षकों को वेबिनार के माध्यम से प्रशिक्षण दिए जाने की व्यवस्था स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा की गई है। कॅरियर मार्गदर्शन का उद्देश्य विद्यार्थियों को विषय की समझ एवं कॅरियर के महत्व को समझाना और कक्षा 10वीं के बाद विषय संबंधित निर्णय लेने में सहायक बनाना है। इसके साथ ही विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध कॅरियर बनाने, स्वयं का व्यवसाय और उद्यमशीलता के बारे में जानकारी दी जाएगी। वेबिनार में विद्यार्थी अपनी शंका का समाधान और जिज्ञासा चैट में प्रश्न कर सकते हैं।

### पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा शुरू

**सीहोर।** प्रदेश में 108 एम्बुलेंस की तर्ज पर पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा प्रारंभ की गई है। इसका उद्देश्य अत्यंत गंभीर रोगियों, दुर्घटना पीड़ितों को विशेष चिकित्सकीय उपचार हेतु प्रदेश एवं देश के उच्च स्वास्थ्य संस्थानों में तुरंत परिवहन कर स्वास्थ्य लाभ प्रदान करना है। सेवा सिर्फ दिन में शुरू रहेगी।

### एक ही दर्शनार्थी को कई कर्मकांडी पंडित विजिटिंग कार्ड पकड़ा देते हैं

# पौने दो वर्ष पूर्व हुए निर्णय पर अमल नहीं विजिटिंग कार्ड पर छप रहे माताजी के फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

लगभग पौने दो वर्ष पूर्व मां बगलामुखी प्रबंध समिति द्वारा लिए गए निर्णय पर आज तक अमल होता दिखाई नहीं दे रहा है। कर्मकांडी पंडितों द्वारा दर्शनार्थियों को दिए जाने वाले विजिटिंग कार्डों पर माताजी के फोटो छपवाना लगातार जारी है।

मां बगलामुखी मंदिर पर हवन अनुष्ठान, जप तप व पूजन जैसे धार्मिक कार्य करवाने वाले कर्मकांडी पंडितों द्वारा बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों को अपने अपने विजिटिंग कार्ड देने का प्रचलन काफी संख्या में बढ़ गया है। इन विजिटिंग कार्डों पर माताजी का फोटो भी छपा हुआ होता है। एक ही दर्शनार्थी को एक से अधिक पंडित द्वारा विजिटिंग कार्ड देने से दर्शनार्थी द्वारा अनुपयोगी कार्ड को फेंक दिया जाता है जोकि अन्य दर्शनार्थियों के पैर में आते हैं, जिससे माताजी की अवमानना होती है। इसीके चलते लगभग पौने दो वर्ष पूर्व मां बगलामुखी प्रबंध समिति की एक वृहद बैठक आयोजित हुई थी, जिसमें जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, कर्मकांडी पंडित, पत्रकार आदि उपस्थित थे। इस बैठक में मातारानी की अवमानना नहीं हो इसके लिए सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया था कि कर्मकांडी पंडितों द्वारा अब अपने विजिटिंग कार्डो पर माताजी के फोटो नहीं छपवाए जाएंगे। लेकिन पौने दो वर्ष बाद आज भी कर्मकांडी पंडितों के विजिटिंग कार्डो पर माताजी के फोटो छपे हुए हैं।



गौरतलब है कि नवरात्रि महापर्वो, अन्य पर्वो, अवकाश के दिनों पर सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर 25 हजार से एक लाख दर्शनार्थी पहुंचते है जिनकी कतारें मंदिर के बाहर तक लगती है। जहां कर्मकांडी पंडितों द्वारा उन दर्शनार्थियों से संपर्क कर हवन अनुष्ठान, जप तप, पूजन आदि धार्मिक कार्य करवाये जाने को लेकर चर्चा की जाती रहती है और वे दर्शनार्थी को अपना विजिटिंग कार्ड पकड़ा देते हैं। ऐसे में एक ही दर्शनार्थी को कई कई कर्मकांडी पंडित विजिटिंग कार्ड पकड़ा देते हैं। जिन्हें दर्शनार्थियों द्वारा वहीं फेंक दिया जाता है जोकि दिनभर अन्य दर्शनार्थियों के पैर में आते रहते है। जिन पर माता जी के फोटो भी छपे हुए होते हैं। ऐसे में माता रानी के दर्शन का पुण्य कमाने आने वाले दर्शनार्थियों से अनजाने में माताजी की अवमानना होती है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में सिद्धपीठ पर लगभग पौने दो सौ कर्मकांडी पंडितों के पंजीयन हैं जिनके नाम से हवन अनुष्ठान के लिए रसीद बनती है। इसके अतिरिक्त गैर पंजीकृत कर्मकांडी पंडितों की संख्या इससे पांच गुना है। बताया जाता है कि ये अतिरिक्त पंडित मुख्य पंडितों के सहायक है जो जप तप के साथ ही हवन अनुष्ठान करवाते हैं। बड़ी संख्या में मौजूद सहायक पंडित मंदिर के बाहर और मंदिर के अंदर घूम घूम कर दर्शनार्थियों को ये विजिटिंग कार्ड थमाते रहते है।

### पंडितों को बुलाकर हिदायत दी जाएगी

मां बगलामुखी मंदिर पर आने वाले भक्तों को कर्म कांडी पंडितों द्वारा जो विजिटिंग कार्ड दिए जा रहे हैं उस पर माता जी का फोटो लगा होने संबंधित जानकारी आपके द्वारा संज्ञान में लाई गई है। इस मामले में शीघ्र ही पंडितों को बुलाकर हिदायत दी जाएगी कि वहां विजिटिंग कार्ड पर बगलामुखी का फोटो नहीं लगवाये जिससे माताजी की अवमानना न होने पाए।

**मिलिंद ढ़ोके, अध्यक्ष मां बगलामुखी मंदिर समिति एवं एसडीएम सुसनेर-नलखेड़ा**

# सुईगांव का देवराज करेगा राष्ट्रीय इंस्पायर अवार्ड में मप्र का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा




भारत सरकार के विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग एवं राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान के द्वारा बच्चों में इनोवेशन और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के लिए प्रतिवर्ष इंस्पायर अवार्ड मानक का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में 11 व 12 जुलाई को राज्यस्तरीय इंस्पायर अवार्ड मानक प्रदर्शनी का आयोजन इस वर्ष भोपाल में किया गया।

इस प्रतियोगिता में पूरे राज्य के विभिन्न हिस्सों से चयनित होकर आये 130 विद्यार्थियों ने अपने विचारों को विज्ञान मॉडलों द्वारा प्रस्तुत किया। जिसमे से प्रदेश के श्रेष्ठ 10 विज्ञान मॉडलों का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए किया गया है। इसमे नलखेड़ा विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुईगांव के छात्र देवराज सिंह के इनोवेटिव पेट्रोल पंप ने राज्य से चयनित श्रेष्ठ विज्ञान नवाचार मॉडलों में स्थान प्राप्त किया है। छात्र द्वारा पैट्रोल पंप में आने वाली कई तरह को समस्याओं को देख कर इस समस्या को दूर करने मॉडल को शिक्षिका कृष्णा कुशवाह के प्रोत्साहन और इनोवेशन वर्कशॉप के शैलेंद्र कसेरा के तकनीकी मार्गदर्शन में मॉडल तैयार किया गया। इसके लिए पेट्रोलपंप पर समस्या को अनुभव किया गया, ताकि सभी समस्याओं गहराई से समझ कर इसका हल ढूंढा जा सके। इस उपलब्धि के पश्चात छात्र देवराज सिंह दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय इंस्पायर अवार्ड मानक प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा। जहां सर्वश्रेष्ठ मॉडलों में से चयनित होने पर इस आविष्कार का बौद्धिक संपदा अधिकार या पेटेंट भी प्राप्त होगा। छात्र के चयन पर जिला शिक्षा अधिकारी रामगोपाल शर्मा, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक दिनेश कुंभकार, प्राचार्य मुकेश लोहार सहित शिक्षकों द्वारा छात्र को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।

# दिलीप सकलेचा ने जन्मदिन पर एक पेड़ मां के नाम लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलीप सकलेचा ने अपने जन्मदिन पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। शनिवार को भाजपा नेता सकलेचा द्वारा अपने जन्मदिन पर देव दर्शन कर संतश्री सांदीपेंद्र महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। उसके बाद संतश्री के सानिध्य में सांदीपेंद्र आश्रम पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### आषाढ़ मास की गुप्त नवरात्रि में सिद्धपीठ पर लगा रहा भक्तों का तांता

# मां बगलामुखी मंदिर पर शनिवार को दर्शनार्थ और हवन अनुष्ठान के लिए लगी रही कतारें

**नलखेड़ा।** आषाढ़ मास की गुप्त नवरात्रि में सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर दर्शनार्थियों का तांता लगा हुआ है। सिद्धपीठ पर दर्शनार्थ तो कतारें लग ही रही हैं हवन अनुष्ठान के लिए भी कतारें लगने के साथ ही हवन के लिए 5 से 6 घंटे का इंतजार करना पड़ रहा है। आषाढ़ मास की गुप्त नवरात्रि की सप्तमी शनिवार को मां बगलामुखी मंदिर पर प्रातः काल से ही भक्तों की दर्शनार्थ कतारें लगना प्रारंभ हो गई थी। ये कतारें दोपहर में वर्षा प्रारम्भ होने तक लगी रही। वर्षा थमने के साथ ही फिर से कतार लगना प्रारम्भ हो रही थी। कई दर्शनार्थी बरसते पानी मे भीगते हुवे माता रानी के दर्शन लाभ प्राप्त कर रहे थे।




देश के विभिन्न स्थानों से आए बड़ी संख्या में भक्तों में से कई भक्तों द्वारा अपनी मनोकामना को लेकर मंदिर परिसर में हवन अनुष्ठान भी किये गए। हवन अनुष्ठान के लिए मंदिर प्रबंध समिति के कार्यालय पर रसीद बनाने के लिए भी भक्तों व उनके पंडितों की कतारें लगी रही। दोपहर तक स्थिति यह थी कि सायं 7 बजे तक हवन कुंड की रसीदें बन चुकी थी। ऐसे में भक्त को हवन करने के लिए 5 से 6 घंटे का इंतजार करना पड़ा। अनुमान है कि शनिवार देर रात तक एक हजार से अधिक हवन अनुष्ठान हुए होंगे।



### मां दुधाखेड़ी का मनोहारी श्रृंगार



*नलखेड़ा। गुप्त नवरात्रि के दौरान नगर के बलडावदा हनुमान मंदिर के सामने स्थित मां दुधाखेड़ी माता मंदिर पर माता रानी का प्रतिदिन मनोहारी श्रृंगार भक्तों द्वारा किया जा रहा है। बड़ी संख्या में भक्त मनोकामना लेकर माता मंदिर पर दर्शन कर पूजा अर्चना कर रहे हैं।*

# झमाझम बारिश से किसानों के खिले चेहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

वर्षा की खेंच से चिंतित किसानों के चेहरे पर शुक्रवार रात्रि को हुई लगभग एक घंटे झमाझम वर्षा से खुशियां लौट आई हैं। किसानों की फसले जोकि वर्षा के अभाव में मुरझाने लगी थी उन्हें नवजीवन मिल गया है। शनिवार दोपहर से कभी तेज तो कभी हल्की वर्षा का दौर प्रारंभ हुआ जोकि समाचार लिखे जाने तक जारी था। वर्षा की लंबी खेंच के बाद शुक्रवार रात्रि को लगभग एक घंटे से अधिक समय तक झमाझम वर्षा हुई। इस वर्षा से जहां किसानों की फसलों को नवजीवन मिला है वही वातावरण में व्याप्त उमस से नागरिकों को राहत मिली है। शनिवार को दोपहर से पुनः तहसील सहित क्षेत्र में वर्षा का दौर प्रारम्भ हुआ। शनिवार को रुक रुककर कभी तेज तो कभी हल्की वर्षा का दौर चलता रहा। वर्षा का यह दौर समाचार लिखे जाने तक जारी था। जानकारी के अनुसार शनिवार प्रातः 8 बजे समाप्त हुए 24 घंटे में 25 मिमी (लगभग एक इंच) वर्षा दर्ज की गई है। इस वर्ष तहसील क्षेत्र में शनिवार प्रातः 8 बजे तक कुल 129 मिमी (5.07 इंच) वर्षा दर्ज हुई है।



# तीर्थंकर नेमिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याण दिवस मनाया, निर्वाण लाडू चढ़ाया गया

**नलखेड़ा।** जैन धर्म के 22वें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ का मोक्ष कल्याण दिवस पर सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आयोजन के साथ निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। नगर के चौक बाजार स्थित श्रीसुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में शनिवार को देवाधिदेव 1008 तीर्थंकर नेमिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याण दिवस समाजजनों द्वारा मनाया गया।



इस अवसर पर सर्वप्रथम मूल नायक भगवान का अभिषेक हुआ अभिषेक के बाद शांति धारा की गई। प्रथम शांति धारा करने का सौभाग्य पवन कुमार पांडिया को प्राप्त हुआ। द्वितीय शांति धारा करने का सौभाग्य राजा बाई पांडिया परिवार को प्राप्त हुआ। शांति धारा के बाद नित्य नियम पूजन हुई एवं नेमिनाथ मंडल विधान का आयोजन किया गया और निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। आयोजन में समाजजनों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लिया। भगवान के मोक्ष कल्याणक के समस्त कार्यक्रम का आयोजन पवनकुमार मयंक पांडिया द्वारा किया गया। सभी समाजजनों ने उनके धर्म की अनुमोदना की।

# सीएम राइज स्कूल में छात्राओं ने किया पौधारोपण, सुरक्षा व संरक्षण का संकल्प



**नलखेड़ा।** सीएम राइज शासकीय कन्या उमा विद्यालय नलखेड़ा में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत कक्षा 12वीं की छात्राओं ने पौधारोपण किया। ईको क्लब प्रभारी मुकेश चौरसिया ने बताया कि वृक्षारोपण से प्रकृति का संतुलन बना रहता है। पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति संरक्षण के लिए पौधारोपण आवश्यक है। सभी व्यक्तियों को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। पौधारोपण कर हम आने वाले कल को सुरक्षित कर सकते है। धरती से हमने बहुत कुछ लिया है, हम चाहकर भी उसका ऋण नही उतार सकते है। लेकिन कम से कम एक पौधा लगाकर उस ऋण का एक अंश लौटाने में भागीदार अवश्य बन सकते हैं। एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत छात्राओं ने विभिन्न फलदार एवं छायादार पौधे लगाए एवं उनकी सुरक्षा एवं संरक्षण का संकल्प भी लिया। पौधारोपण अभियान में विद्यालय प्राचार्य मनोज चतुर्वेदी, मुकेश चौरसिया, रामलाल पाटोदिया, शान्तिलाल राठौर, मंगलेश भाटी, प्रमोद शर्मा, बैजनाथ वर्मा, श्रेष्ठा चौरसिया, ममता पाटीदार, संगीता कटारा एवं इंदु दुबे उपस्थित थे।



### पौधरोपण कर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम की शुरुआत की

# आगामी कार्यक्रमों को लेकर भारतीय जनता पार्टी मंडल नलखेड़ा की बैठक हुई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

भारतीय जनता पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की कार्य योजना को लेकर भारतीय जनता पार्टी मंडल नलखेड़ा की बृहद बैठक नर्सरी में संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा भारत माता , पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। अतिथि स्वागत के बाद भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन वेदिया द्वारा आगामी कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रदान की।




मंडल कार्यक्रम प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि भेरुसिंह यादव द्वारा कार्यकर्ताओं को मध्य प्रदेश में ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई दी एवं कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। 13 से 20 जुलाई तक होने वाले बुथ सम्मेलन एवं कार्यकर्ता सम्मान समारोह के लिए शक्ति केंद्र धरोला एवं गोठड़ा के लिए राधेश्याम पाटीदार, भंडावद एवं गोयल के लिए रोहित सकलेचा, भैसोदा के लिए रमेश पाटीदार, गुदरावन एवं गुजरखेड़ी के लिए विजेंद्र सिंह सिसोदिया, सुईगाव एवं सेमलखेड़ी के लिए भगवान सिंह राजपूत, पीलवास एवं पचलाना के लिए सौदान सिंह राजपूत, नलखेड़ा नगर के लिए रितेश सोनी को, 21 जुलाई गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम हेतु ज्ञानसिंह गुर्जर, 26 जुलाई कारगिल विजय दिवस हेतु मुन्नालाल गवली, 28 जुलाई मन की बात हेतु रितेश सोनी, 23 जून से 4 अगस्त तक एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम हेतु रमेश पाटीदार को प्रभारी नियुक्त किया गया। समस्त कार्यकर्ताओं के साथ अतिथियों द्वारा शासकीय नर्सरी में पौधरोपण कर एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम की शुरुआत की। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के जिला पदाधिकारी मंडल पदाधिकारी शक्ति केंद्र के पंच परमेश्वर आदि उपस्थित थे।



**खबर संक्षेप**

### मीसा बंदियों ने माना प्रधानमंत्री का आभार



**देवास।** मीसा बंदियों के अभा संगठन लोकतंत्र सेनानी संघ के जिलाध्यक्ष इंदरसिंह ठाकुर ने केन्द्र द्वारा राजपत्र में प्रकाशित उस अधिसूचना का स्वागत किया है जिसमें प्रतिवर्ष 25 जून को संविधान हत्या दिवस घोषित कर दिया है। केन्द्र द्वारा घोषित इस अधिसूचना में 25 जून 1975 को आपातकाल की घोषणा कर निर्दोष लोगों को मीसा एक्ट में गिरफ्तार कर कारागृह में बंद कर दिया था और प्रेस की स्वतंत्रता समाप्त कर दी गई थी। तत्कालीन सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार ने आपातकाल के उस भयानक दौर में संविधान की हत्या कर भारत के लोगों पर मनमाने अत्याचार किए थे। जिले में भी 72 लोगों को मीसा में गिरफ्तार किया था। जिनमें से वर्तमान में 11 मीसाबंदी जीवित है। जिले के जीवित मीसा बंदियों श्याम सुंदर अग्रवाल, कन्हैयालाल रिझवाणी, गोविंद करपरकर, जनार्दन पैठनकर, ओमप्रकाश शर्मा, शिवनारायण पाठक ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि केन्द्र के इस निर्णय से प्रतिवर्ष 25 जून को देश और भावी पीढ़ी को यह सदैव स्मरण रहेगा कि आज संविधान की रक्षा का झूठा ढिंढोरा पीटने वाली कांग्रेस ने किस प्रकार संविधान की हत्या की थी।

### सीएमएचओ ने विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

# अनुपस्थित चिकित्सक, बीएमओ सहित अन्य कर्मचारियों को जारी होंगे कारण बताओ नोटिस

**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरोठा,हैल्थ एंड वेलनेस सेंटर पटाडी, पीएचसी उदयनगर, सीएचसी बागली का किया औचक निरीक्षण**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एम.एस. गोसर बताया कि शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरोठा,,हैल्थ एंड वेलनेस सेंटर पटाडी, पीएचसी उदयनगर, सीएचसी बागली का औचक निरीक्षण किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरोठा का आकस्मिक निरीक्षण किया। संस्था में ओपीडी और विभिन्न वार्ड ,लेबर रूम स्टोर, पीएनसी वार्ड का निरीक्षण भी किया गया।,साफ सफाई व्यवस्था ठीक नही होने पर नाराजगी व्यक्त की परिवार नियोजन के एलटीटी कैंप व्यवस्था देखी चिकित्सक,नर्सिंग स्टॉफ को आवश्यक निर्देश दिए। दवाईयो की उपलब्धता, उपकरणो की क्रियाशीलता सुनिश्चित करने ,हितग्राही मूलक योजनाओ का लाभ देने के निर्देश दिए। औचक निरीक्षण के दौरान ड्यूटी से अनुपस्थित बीएमओ डॉ मेघा पटेल, बीपीएम सुषमा राणावत ,बीईई विवेक वाटसन, बीसीएम सुनीता सोलंकी, डॉ आशीष गुप्ता, रवि कुमार , रामगोपाल मोदिया को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। हैल्थ एंड वेलनेस सेंटर पटाडी का निरीक्षण किया। उपस्थित स्टॉफ से दस्तक अभियान , परिवार कल्याण राष्ट्रीय कार्यक्रम सेवाओं सहित अन्य कार्य लक्ष्य उपलब्धि को देखा लक्ष्य अनुसार कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। योजनाओं की अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करे। संस्था के बाहर टूर प्रोग्राम लिखवाए। पीएचसी उदयनगर का निरीक्षण किया डॉ तनमोल देवी संविदा महिला चिकित्सक ड्यूटी से अनुपस्थित पाई गई। उक्त चिकित्सको को कारण बताओं नोटिस जारी होगा। डॉ राहुल बालोदिया सेक्टर एमओ सहित अन्य स्टाफ ड्यूटी पर मिले।संस्था में साफ सफाई और लेबर रूम में प्रोटोकाल अनुसार व्यवस्था सुनिश्चित करने दस्तक अभियान, परिवार कल्याण राष्ट्रीय कार्यक्रम सेवाओं सहित अन्य कार्य लक्ष्य उपलब्धि को देखा गया। सेक्टर एमओ और सुपरवाइजर को नियमित फील्ड मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए। सीएचसी बागली में निरीक्षण के दौरान बीएमओ हेमंत गुप्ता सहित अन्य स्टाफ ड्यूटी पर उपस्थित पाए गए , स्वास्थ्य गतिविधियां कार्यक्रमो की समीक्षा की अस्पताल मे आने वाले मरीजो की जॉच व उपचार की व्यवस्था की जानकारी ली गई। अस्पताल मे साफ-सफाई के निर्देश दिए हितग्राही मूलक योजनाओ का समय-सीमा मे भुगतान करने सीएम हेल्प लाइन प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के



निर्देश दिये। जनसंख्या स्थिरीकरण माह में लक्षित दंपतियों को परिवार नियोजन की सेवाएं देने के निर्देश दिए। सेक्टर बीएमओ सहित सभी सुपरवाइजर को नियमित फील्ड मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

# दुकान पर बिक रहा था एक्सपायरीडेट का सामान

**किराना दुकान के संचालक ने की खाद्य विभाग के अधिकारी के साथ अभद्रता**



**चापडा।** किराना दुकान पर कार्रवाई करते हुए खाद्य विभाग का अमला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापडा




नगर के नेमावर रोड पर स्थित एक किराना दुकान नियमों को ताक पर रखकर लंबे समय से संचालित हो रही है। जहां एक्सपायरी डेट एवं नकली किराने का सामना बेचकर आम जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है नेमावर रोड जैन किराना स्टोर पर गुरुवार को एक बालक जब 15 रुपये वाला टमाटर केचप का छोटा पैकेट खरीदकर अपने घर लेकर गया। घर पर जब पैकेट खोला तो उस में से अजीब सी महक आई। त

ब केचप के पैकेट पर देखा तो उस पर जुलाई 2022 की मैन्यूफैक्चरिंग डेट डली हुई थी, जिसकी एक्सपायरी डेट 9 माह बाद यानि मार्च 23 थीं। यानी केचप लगभग सवा साल पहले ही उपयोग करने योग्य नही था। ऐसे में इतने दिनों तक केचप का भंडारण भी जांच का विषय हैं और सम्बंधित विभाग की घोर लापरवाही को इंगित करता हैं। इस मामले की जानकारी बालक के परिवार के सदस्यो ने खाद्य सुरक्षा विभाग के कैलाश वास्केल को दी, जिसके बाद शनिवार को अधिकारीउक्त दुकान पर पहुंचे, जहां पर बड़ी मात्रा में एक्सपायर डेट का सामना मिला। कैलाश वास्केल ने बताया कि कार्रवाई के दौरान रामदेव घी, गुलाबजामुन, पापड, केचप, मसाले के सैंपल लिए है, साथ ही उक्त सामान को मौके पर ही नष्ट कराया गया है।

दुकान में बड़ी मात्रा में एक्सपायर डेट का सामना मिला, जिसे दुकान से निकाल कर नष्ट करने का कहा गया है।इस दौरान दुकान संचालक गौरव जैन व्दारा खाद्य अधिकारी के साथ अभद्रता की गई। झूठी शिकायत करने की धमकी भी दी गई। इस संबंध में पुलिस चौकी पर लिखित में दुकान संचालक के खिलाफ कार्रवाई के लिए आवेदन भी दिया गया है। इस सम्बंध में खाद्य विभाग के कैलाश वास्केल ने बताया कि एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री को मौके पर पहुँचकर नष्ट किया गया और सेम्पल लेकर जांच के लिए भेजे गए है। दुकानदार द्वारा अभद्रता करने पर सम्बंधित थाने पर सूचना कर शिकायती आवेदन दिया गया है।

### साध्वी शुभवर्धनाजी का चातुर्मासिक प्रवेश कल

**देवास।** श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर तुकोगंज रोड़ पर इस वर्ष कलिकुंड तीर्थ उद्धारक आचार्य राजेन्द्र सूरीश्वर के शिष्य गच्छाधिपति राजशेखर सूरीश्वर की सुशिष्या साध्वी शुभवर्धना श्रीजी, जयवर्धना श्रीजी एवं निर्वाणवर्धना श्रीजी आदि का चातुर्मास संपन्न होगा। इस हेतु चातुर्मासिक प्रवेश 15 जुलाई सोमवार को होगा। इस अवसर पर दीर्घ संयमी पूज्य साध्वीजी शीलरेखा श्रीजी आदि ठाणा 7 विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। अधिकांशतः गुजरात में विचरण करने वाले इन साध्वी का मालवा प्रांत में यह प्रथम चातुर्मास है। प्रवक्ता विजय जैन ने बताया कि 15 जुलाई को प्रातः 7.45 बजे मंडी धर्मशाला से अनेक आकर्षणों से सुसज्जित शोभा यात्रा सामैय्या प्रारंभ होगा। महिलाएं विशिष्ठ वेशभूषा में मंगल कलश धारण कर चलेंगी। प्रारंभ स्थल पर 25 लाभार्थी परिवारो द्वारा विशिष्ठ संघ पूजन होगा। शोभा यात्रा विजया रोड, श्री आदेश्वर मंदिर आदिनाथ चौक,जेल रोड होकर श्री शंखेश्वर पाश्र्वनाथ मंदिर तुकोगंज रोड पर संपन्न होगी। यहां पर शुभ मुहुर्त 8.45 बजे का प्रवेश होगा। तत्पश्चात प्रभु दर्शन, गीत संगीतमय स्वागत, प्रथम गुरू पूजन एवं काम्बली अर्पण चढ़ावा, प्रवचन, अतिथि सम्मान एवं आगामी कार्यक्रम की घोषणा आदि कार्यक्रम होंगे। तत्पश्चात सकल श्री संघ का स्वामी वात्सल्य अहिंसा भवन में होगा। चातुर्मास प्रवेश के उपलक्ष्य में मांगलिक आयंबिल भी बड़ी संख्या में तपस्वियों द्वारा किये जावेंगे। सुलसा बहु मंडल, राजरत्ना ग्रुप एवं बालक बालिका पाठशाला मंडल द्वारा गुरूदेव की अभिनव नृत्य गीत पूर्ण आगवानी की जाएगी। ट्रस्ट मंडल संरक्षक विलास चौधरी, अशोक जैन पटवारी, अध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी एवं ट्रस्टी अजय मूणत, राकेश तरवेचा, भरत चौधरी, अतुल जैन, दीपक जैन, सुधीर जैन, गौरव जैन भोमियाजी, राजेन्द्र जैन गौतमपुरा, अनूप शेखावत, अंकित जैन, मनोज कटारिया, संतोष सेठिया, अशोक जैन, सुशील कुमार बम आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने का अनुरोध किया है।

# अभियान के तहत देवनारायण मंदिर पर वन विभाग ने किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मध्यप्रदेश शासन द्वारा चलाई जा रही योजना एक पौधा मां के नाम के तहत देवनारायण मंदिर समिति के संचालक प्रेमनारायण गुर्जर, वन समिति अध्यक्ष दिलीप सिंह बैस द्वारा सभी के सहयोग से मंदिर प्रांगण में 100 पौधों का रोपण किया गया। जिसमें नीम, पीपल, बेलपत्र, पाम, बादाम, जामुन आदि पोधो का रोपण किया गया एवं वायुदूत एप के माध्यम से दर्ज किया गया। साथ ही सुरक्षा का भी संकल्प लिया। इसके पश्चात सहभोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वन समिति अध्यक्ष दिलीपसिंह बैस, समिति सचिव हेमराज गोखले, मंदिर संचालक प्रेमनारायण गुर्जर, भगवान सिंह चंदेल, शिवप्रताप सिंह, गोपाल पंडा, विजय सिंह गौड़, रामेश्वर पाटीदार रमु, भीमसिंह चौधरी, सन्तोष पाटीदार, प्रेम चौधरी, जगन्नाथ सिंह, विपिन गुर्जर, गजराज सिंह चौधरी, केशरसिंह पोलाय, जनपद सदस्य डॉ पवन आदि उपस्थित रहे।

### निगम द्वारा रात दिन किया जा रहा सफाई कार्य कचरा संग्रहण

देवास। नगर निगम स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा निरंतर सफाई अभियान के तहत दिन एवं रात्रिकालीन सफाई का कार्य किया जा रहा है। जिसमे खुले प्लाटों एवं सार्वजनिक स्थानों व नालों के आस पास से कचरा उठाया जा रहा है। जिसका निपटान कचरा संग्रहण ट्रेचिंग ग्राउंड पर किया जा रहा है। साथ ही नालों की भी सफाई की जा रही है तथा रात मे व्यवसायिक क्षेत्रो से कचरा संग्रहण वाहनो के माध्यम से कचरा संग्रहण किया जा रहा है तथा सडकों को निगम की स्वीपींग मशीन से साफ किया जा रहा हैं।

# जनशक्ति इंजीनियरिंग श्रमिक युनियन व प्रबन्धन के बीच हुआ समझौता

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



गेब्रियल इण्डिया लि. देवास कंपनी में एक जनशक्ति इंजीनियरिंग श्रमिक संघ एवं प्रबन्धन के बीच ऐतिहासिक समझौता हुआ। स्वच्छ वातावरण मे 16121 रुपये का समझौता संपन्न कर हस्ताक्षरित किया गया। जिसमे जनशक्ति इंजीनियरिंग श्रमिक संघ युनियन के अध्यक्ष भंवर सिंह सिसोदिया, महामंत्री सोमालाल मीणा, कोषाध्यक्ष उत्तम सिह ठाकुर, मंत्री उमाशंकर चौबे, भरत माटकर, रमेशचन्द्र आँजना, विजय जोशी एवं प्रबन्धन की और से विपिन यादव, अभय सिन्हा, सुरेन्द्रसिह मेवाड़ा, राकेश चतुर्वेदी, मकरन्द पाटिल द्वारा कर्मचारियो के भविष्य एवं कम्पनी की उन्नति, प्रोडक्टविटी, क्वालिटी, जीरो डिफेक्ट, कस्टमर कम्पलेंट को ध्यान मे रखते हुए डिसीप्लीन, सुरक्षा सावधानियों पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। समझौते को सम्पन्न कराने मे कम्पनी के सीओओ वासुदेवन- आर., सीएचआरओ विनोद राजदान, सीएक्यू अब्दुल वाहिद का भी विशेष योगदान रहा। कोषाध्यक्ष उत्तमसिंह ठाकुर ने बताया कि देवास इंडस्ट्री के गेब्रियल इंण्डिया लि. देवास मे 16121 रुपये का एतिहासिक समझौता किया गया। इसके अलावा ईएल, शार्ट लिव, दीपावली गिफ्ट, नाइट अलोउएन्स मे भी बढोतरी कि गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम मे वार्षिक उत्सव, पिकनिक, स्पोर्टस के एवं अन्य एक्टिविटी का आयोजन समय-समय पर किया जायेगा। समझौते से कम्पनी परिसर मे सभी मे एक पारिवारिक हर्षोल्लास एवं खुशी का माहोल बन गया। इस अवसर पर मिठाई वितरित कर आतिशबाजी की गई।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन आजः सांसद विधायक सहित जिले के गणमान्य नागरिक रहेंगे उपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



आयुक्त उच्च शिक्षा सतपुड़ा भवन भोपाल के आदेशानुसार श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में उन्नयित किया गया है।

इस हेतु मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 14 जुलाई को अटल बिहारी वाजपेयी शा.कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इंदौर से प्रदेश के समस्त 54 शासकीय महाविद्यालयों का प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में उद्घाटन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह कृ.प.शा.स्ना. महाविद्यालय में दोपहर 1 बजे से प्रारंभ होगा। उद्घाटन समारोह में सांसद महेन्द्रसिंह सोलंकी, विधायक गायत्री राजे पवार, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष मनीष पारिक, जिलाधीश ऋषव गुप्ता एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहेंगे। अतिथिगण, महाविद्यालय में स्थापित भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ एवं विद्यार्थी पुस्तक सहायता केन्द्र म.प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी के काउंटर को औपचारिक रूप से प्रारंभ करेंगे। साथ ही विद्या वन का अवलोकन किया जाएगा। अतिथि एवं अध्यक्षीय उद्बोधन के उपरांत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उद्घाटन समारोह का टू-वे प्रसारण इंदौर से किया जाएगा। जिसमें मुख्यमंत्री विद्यार्थियों से सीधा संवाद करेंगे। आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों एवं स्नातक, स्नातकोत्तर के नियमित विद्यार्थियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने हेतु विभिन्न संचार माध्यमों से महाविद्यालय प्रशासन द्वारा सूचना दी गई है। प्राचार्य डॉ. आर.एस. अनारे के दिशा निर्देशानुसार उद्घाटन समारोह के सुचारू क्रियान्वयन हेतु विभिन्न समितियां गठित की गई है। जनभागीदारी समिति अध्यक्ष मनीष पारिक ने प्राध्यापकों और विद्यार्थियों से कार्यक्रम को सफल बनाने का अनुरोध किया है।

**धार्मिक यात्रा पर रवाना हुए मां चामुंडा, मां तुलजा भक्त मंडल के सदस्य**

# काशी विश्वनाथ के दर्शन के साथ होगा यात्रा का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मां चामुंडा मां तुलजा भक्त मंडल के 100 से अधिक सदस्य शनिवार को देवास रेलवे स्टेशन से अयोध्या धाम, काशी बनारस एवं प्रयागराज, चित्रकूट की धार्मिक यात्रा के लिए ट्रेन से रवाना हुए। यात्रा के दौरान भक्त मंडल के सदस्य दर्शन-पूजन, गंगा स्नान के साथ-साथ श्रीराम कथा श्रवण करेंगे। यात्रियों का रेलवे स्टेशन पर बड़ी संख्या में लोगों ने स्वागत किया।भक्त मंडल की धार्मिक यात्रा को लेकर सदस्यों में उत्साह नजर आया। रेलवे स्टेशन पर बड़ी संख्या में परिवार के सदस्यों सहित मित्र स्वागत के लिए पहुंचे।

पुष्पहार से स्वागत कर धार्मिक यात्रा के लिए मंगल कामनाएं कीं। यात्रा में देवास, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, आगर, भवानी मंडी, मंदसौर, ग्वालियर, झांसी आदि स्थानों के भक्त शामिल है।भक्त मंडल के दुर्गेश अग्रवाल ने बताया, कि भक्त मंडल के सदस्य समय-समय पर धार्मिक यात्रा के लिए तीर्थ स्थलों पर जाते हैं। पिछले दिनों सामूहिक रूप से गिरिराज जी की परिक्रमा के लिए गए थे। इस बार अयोध्या धाम, काशी, प्रयागराज, चित्रकूट जा रहे हैं। अग्रवाल ने बताया, कि 14 से 20 जुलाई तक अयोध्या में रामकथा मर्मज्ञ आचार्य पंडित शिवम शुक्ला महाराज (प्रयागराज)के मुखारविंद से श्रीराम कथा होगी। यहां सरयू स्नान करेंगे। अयोध्याम धाम में रामलला के दर्शन करेंगे। यहां से हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन के लिए पहुंचेंगे। यात्रा के इस क्रम में चित्रकूट में भी दर्शन-पूजन होंगे।कथा की पूर्णाहुति के पश्चात 21 से 23 जुलाई तक काशी में गंगा स्नान के साथ-साथ काशी विश्वनाथ व भगवान काल भैरव के दर्शन-पूजन करेंगे। 24 जुलाई को प्रयागराज जाएंगे व संगम स्नान करेंगे। यहां से 25 व 26 जुलाई को चित्रकूट में दर्शन व पूजन करेंगे।

27 जुलाई को यात्रा के समापन के साथ देवास आगमन होगा।धार्मिक यात्रा में महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, मुकुल अग्रवाल, अशोक सोमानी, देवेंद्र बंसल, विष्णु पटेल, मुकेश चौहान, मोहनदास बैरागी, शंकरसिंह राजपूत, संतोष शर्मा, मनोहर बिलावलिया, दिनेश गर्ग,रमेश चंद्र मंगल,अशोक अग्रवाल, पुरुषोत्तम बंसल, अक्षय गर्ग शामिल हैं। यात्रियों का मेयर इन काउंसिल सदस्य जितेंद्र मकवाना, रामदयाल यादव, पार्षद प्रतिनिधि राज वर्मा, राकेश सोलंकी, शेलू मोरे, अमित विजयवर्गीय, मनोज डोडिया, संजय महाजन, जितेंद्र जयसवाल,प्रवीण मिश्रा ने पुष्पहार से स्वागत किया। यह जानकारी विपुल अग्रवाल ने दी।

# बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौके पर हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शुक्रवार को बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। शनिवार सुबह मृतक का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया। मामले को लेकर पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण को जांच में लिया है। जानकारी अनुसार कमल पिता आत्माराम प्रजापत उम्र 38 वर्ष निवासी अंबोदिया तहसील बडऩगर जिला उज्जैन शुक्रवार सुबह हरनावदा अपने किसी रिश्तेदार के घर आए थे। यहां से गोद भराई कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गलोंदा जिला धार में कार से गए। वहां से शाम करीब 4 बजे कमल हरनावदा लौटा। कमल अपने घर जाने के लिए बाइक से अंबोदिया की और निकला तभी देर रात उज्जैन रोड़ स्थित एमआईटी ब्रिज के समीप इनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलने पर टोल नाके से एंबुलेंस मौके पर पहुंची लेकिन कमल की मौके पर ही मौत हो गई थी। उसके बाद एंबुलेंस चालक शव को देवास जिला चिकित्सालय ले आए। जहां शनिवार सुबह मृतक का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों ने बताया कि कमल सिलावटी का कार्य करता था उसके दो बच्चे हैं। मृतक का ससुराल नरवर है हरनावदा के बाद कुछ देर के लिए कमल नरवर भी गए थे। वहां से वह अंबोदिया के लिए निकला था। देर रात को उनके मोबाइल से पुलिस से जानकारी मिली कि कमल की हादसे में मौत हो गई है।

**खबर संक्षेप**

### हम सभी जिनवाणी को नहीं छोड़ेंगे: किरण बाला

**आष्टा।** नगर में चार महीने तक जिनवाणी की बरसात होगी। चातुर्मास के दौरान अधिक से अधिक धर्म-आराधना करें और उपवास के तेले की लड़ी अर्थात तीन उपवास व आयंबिल की तपस्या का भाव बनाएं। हमारा यही प्रयास रहेगा कि जिनवाणी श्रवण अधिक से अधिक लोग करें। यह बातें नगर के महावीर भवन स्थानक में चातुर्मास हेतु साढ़े सोलह किमी का मंगल विहार कर पधारी महासती किरण बाला महाराज साहब ने नगर प्रवेश के पश्चात आशीष वचन देते हुए कहीं। आपने णमोकार महामंत्र सुनाते हुए कहा कि चातुर्मास आया है, साध्वियों को बुलवाया है। हम सभी जिनवाणी को नहीं छोड़ेंगे, सब सुनने को दौड़ेंगे। साढ़े सोलह किमी का मंगल विहार आज साध्वी संघ ने किया। महासती किरणबालाजी, स्वाध्याय प्रेमी महासती शीतल, तत्व जिज्ञासु महासती रेणु प्रभा, सेवाभावी महासती अनंत गुणा व महासती कृतज्ञा जी ठाणा - 5 का बुधवार को कन्नौद मिर्जी से विहार कर महावीर भवन स्थानक आष्टा पधारे। इस अवसर पर श्राविका संघ अध्यक्ष साधना रांका, प्रतिभा देशलहरा ने भजन के माध्यम से आगवानी की।

### जमना बाई को दी श्रद्धांजलि

**आष्टा।** नगर के पुराना दशहरा मैदान स्थित गोकुलधाम में भक्तिलाल कुशवाहा की पत्नी जमना बाई का शांति भोज श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार, प्रभु प्रेमी संघ महासचिव प्रदीप प्रगति ने शब्दों के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## आष्टा यातायात पुलिस ट्रैफिक व्यवस्था में नहीं कर रही सुधार

# बिगड़ती जा शहर की ट्रैफिक व्यवस्था, रोज बन रहे कई मार्गों पर जाम के हालात

यातायात पुलिस की लापरवाही के कारण शहर में बार-बार जाम लग रहा है। कन्नौद मार्ग की यातायात व्यवस्था में खराब है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




शहर में ट्रैफिक व्यवस्था दिनों दिन बिगड़ती जा रही है शहर के व्यस्ततम मार्गों पर दिन में हर कभी जाम लग जाता है। जाम से सबसे ज्यादा परेशानी वाहन चालकों को उठानी पड़ रही है लेकिन इन सब के बाद भी आष्टा की यातायात पुलिस व्यवस्था सुधारने की दिशा में कोई भी कार्य नहीं कर रही है नतीजा पूरा शहर भुगत रहा है।बता दे की शहर में विगत चार-पांच वर्षों से वाहनों की संख्या बढ़ गई है इधर दो नेशनल हाईवे भी शहर से गुजरते हैं पहला भोपाल इंदौर हाईवे दूसरा खंडवा कन्नौद शुजालपुर मार्ग और इन दोनों ही मार्गों पर यातायात का अत्यधिक दबाव रहता है। आष्टा की यातायात पुलिस की लापरवाही के कारण शहर में बार-बार जाम लग रहा है, क्योंकि इन हाईवे व अन्य मार्गों पर सड़क किनारे वाहन खड़े रहते हैं कई बार जिम्मेदार नागरिकों ने ट्रैफिक पुलिस को बता दिया उसके बाद भी मात्र कभी-कभी दिखावे की मुहिम चलाते हैं।

### सबसे ज्यादा कन्नौद मार्ग पर जाम

यातायात व्यवस्था की बात करें तो सबसे ज्यादा कन्नौद मार्ग की यातायात व्यवस्था में खराब है।इस मार्ग पर दिन में हर कभी जाम लग जाता है भोपाल नाका से कॉलोनी चौराहा मंडी गेट तक दोनों और वाहन खड़े रहते हैं। इधर दुकानदारों ने सामान भी रख रखा है इस कारण दिन में हर कभी जाम लग जाता है। यातायात पुलिस तैनात रहती है लेकिन इस मार्ग पर जाम से निजात नहीं मिली पूरे मार्ग पर दोनों और वाहन खड़े रहते हैं। ट्रैफिक विभाग के जवान क्या करते हैं यहां तो वही जाने लेकिन इसमें सबसे ज्यादा लापरवाही यातायात चौकी प्रभारी ललित कुमार गुप्ता की है वहां जब से आए हैं शहर की ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ती जा रही है।

### कभी-कभी होती है चालानी कार्रवाई

यातायात चौकी प्रभारी ललित कुमार गुप्ता कभी-कभी वाहनों पर चलानी कार्रवाई कर वाहवाही लूटते हैं जबकि हकीकत में पूरे शहर का ट्रैफिक बिगड़ा हुआ है।

### अन्य मार्गों पर भी यही स्थिति

शहर के कन्नौद मार्ग के अलावा पुराना भोपाल इंदौर मार्ग, भोपाल नाका, बस स्टैंड के सामने, अस्पताल गेट ,पुराना बस स्टैंड, अलीपुर ,इंदौर नाका ,चौपाटी चौराहा, बुधवारा, बड़ा बाजार सहित कई मार्गों पर दिन में आए दिन हर कभी जाम लग जाता है।

### अतिक्रमण से बिगड़ रही ट्रैफिक व्यवस्था

शहर के शहर की यातायात व्यवस्था बिगड़ने में सबसे बड़ा कारण अतिक्रमण है शहर के हर मार्ग पर चौराहे पर अतिक्रमण की भरमार है प्रशासन और नगर पालिका दिखावे के लिए कभी-कभी मुहिम चलाते हैं अगर शहर के कन्नौद मार्ग, पुराना भोपाल इंदौर मार्ग सहित अन्य मार्गों का अतिक्रमण है हट जाए तो कुछ हद तक यातायात ट्रैफिक व्यवस्था सुधर सकती है।

### रोड पर खड़ी रहती है यात्री बसें

बस स्टैंड पर सवारी बिठाने के बाद यात्री बसें हाईवे पर बस स्टैंड के सामने खड़े रहती है और उसके बाद धीरे-धीरे भोपाल नाका तक चलती है ऐसे में पूरे मार्ग पर आने जाने वाले वाहन चालक परेशान होते हैं, यही स्थिति अस्पताल गेट की है यहां भी बस स्टैंड से निकलने के बाद पुराना बस स्टैंड तक धीरे-धीरे चलती हैं मजबूरी में वाहन चालक पीछे-पीछे चलते हैं।

### ट्रैफिक व्यवस्था सुधारनी चाहिए

शहर के अजय प्रजापति, अमृतलाल जैन ने बताया है कि मार्ग पर दिनभर दोनों और वाहन खड़े रहते हैं। इस कारण बार-बार जाम लगता है। कई बार तो जाम के कारण मार्ग के दोनो तरफ वाहनों की कतारे लग जाती है। चौकी प्रभारी ललित कुमार गुप्ता ने बताया कि समय-समय पर चालानी कार्रवाई की जाती है और आगे भी जारी रहेगी अगर कहीं हाईवे पर वाहन खड़े हैं तो कार्रवाई की जाएगी।

# आठ करोड़ 40 लाख की लागत से बनेगा नया पुल

**विधायक के प्रयास लाए रंग**



**आष्टा।** निपानिया-मैना मार्ग पर स्तिथ पार्वती नदी का बरसों पुराना है पुल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



आष्टा विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर क्षेत्र के विकास के लिए जीतने के बाद से ही लगातार सतत प्रयास रत है। क्षेत्र की बरसों पुरानी समस्याओं का निराकरण करने में वे दिन-रात आष्टा से भोपाल तक सरकार के विभिन्न विभागों एवं मंत्रियों के यहां दस्तक देकर विकास की योजनाओं को स्वीकृत करने के प्रयासों में जुटे हुए है।

लगातार किये जा रहै ठोस प्रयासों के तहत आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर को एक और बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। ठोस प्रयासों के परिणाम स्वरूप आजादी के बाद जिस निपानिया-मैना मार्ग पर पार्वती नदी के ऊपर बरसों पहले जो पुल बना था जो जर्जर हो चुका है। उक्त पार्वती नदी पर अब 8 करोड़ 40 लाख की लागत से नए पुल का निर्माण होगा । इसके लिए विधायक लगातार प्रयासरत थे । विधायक श्री गोपाल सिंह इंजीनियर ने जानकारी देते हुए बताया कि 8 करोड़ 40 लाख रुपए की लागत से पार्वती नदी के ऊपर निपानिया मैना मार्ग पर पुल निर्माण के अलावा लगातार प्रयासों से जावर-कजलास-बिसूखेड़ी मार्ग, सिद्धिकगंज से ईलाही देहमत मार्ग से नीलबड़ जोड़ तक का मार्ग,आष्टा जगन्नाथपुरा से आनंदीपुरा तक मार्ग, कोठारी गवाखेड़ा मुलानी मार्ग, खामखेड़ा यात्रा पहुंच मार्ग भी स्वीकृत हुए हैं । इन मार्गो के निर्माण पर करीब 40 करोड़ से अधिक की राशि प्रस्तावित की गई है। इन सभी मार्गों का लोक निर्माण विभाग व अन्य एजेंसी के माध्यम से निर्माण कार्य होगा।

विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर जल्द ही आष्टा विधानसभा क्षेत्र की और भी प्रमुख विकास के कार्यो को लेकर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव सहित संबंधित विभागों के मंत्रियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों से मिलकर आष्टा विधानसभा क्षेत्र को और भी सौगाते उपलब्ध कराएंगे ।

# तहसील में आय-जाति प्रमाण पत्र बनवाने लग रही भीड़, सर्वर डाउन होने से होती रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नवीन शिक्षा सत्र 2024-25 में सरकारी और निजी स्कूलों में बच्चों के प्रवेश के समय आय, जाति, मूल निवासी प्रमाण पत्र की जरूरत लग रही है। जिन्हें बनाने के लिए आष्टा तहसील कार्यालय स्थित लोक सेवा केंद्र में पालको और बच्चों की भीड़ उमड़ रही है। इस दौरान सर्वर डाउन होने और भीड़ से घंटों कतार में खड़ा होने के बाद भी लोगों को परेशान होकर मायूस लौटना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार डेढ़ महीने पहले तक आष्टा लोक सेवा केंद्र में करीब 125 से 150 आय, जाति, मूल निवासी आदि दस्तावेज बनाने के आवेदन आते थे। लेकिन अब इनकी संख्या 300 के पार हो गई है। शुक्रवार सुबह 10 बजे से लोग आने लगे थे। बता दें कि आष्टा लोकसेवा केंद्र से आष्टा शहर के अलावा आसपास के काफी गांव जुड़े हैं। काम का लोड अधिक बढ़ने से बीच में सर्वर की गति भी धीमी हो जाती है। केंद्र पर दस्तावेज बनाने आए लोगों ने बताया कि देरी से परेशानी तो होती है, लेकिन दस्तावेज बनाना भी बहुत जरूरी है। ऐसा नहीं किया तो बच्चों का स्कूल में दाखिला नहीं हो सकेगा। लोगों ने बताया कि तहसील परिसर से लोक सेवा केंद्र जाने वाले रास्ते पर ही बेतरतीब तरीके से दो पहिया वाहन खड़े होते है, जिससे अव्यवस्था फैलती है। मामले पर आष्टा लोक सेवा केंद्र प्रभारी सुनील वर्मा ने बताया कि लोक सेवा केंद्र में पहले प्रतिदिन करीब 150 प्रमाण पत्र बनाने के आवेदन आते है। जिनकी संख्या अब बढ़ गई है। लोड अधिक होने से कभी कभार सर्वर की गति जरूर धीमी हो जाती है, लेकिन हमारा प्रयास रहता है कि सभी का प्रणाम पत्र समय पर बने और कोई परेशानी नहीं हो।

# आष्टा में होगा मुनि श्री निष्पक्ष सागर महाराज का चातुर्मास

## समाज के प्रतिनिधि मंडल ने विदिशा पहुंच कर लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



जैन समाज के चातुर्मास प्रारम्भ होने को कुछ ही दिन शेष है। ऐसे में दिगंबर जैन मुनि और आर्यिका संघ के चातुर्मास स्थान पर पहुंचने के लिए सभी के निरन्तर विहार चल रहे है। आष्टा में दो माह से दिगंबर जैन समाज के सैकड़ों श्रावक-श्राविकाएं कुंडलपुर पहुंच कर आष्टा चातुर्मास करने के लिए आचार्य श्री के चरणों मे निवेदन कर रहे थे।

इसके बाद समाजजनों की विनती को स्वीकार करते हुए आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनि निष्पक्ष सागर महाराज ने ससंघ चातुर्मास के लिए आष्टा आने की सहमति दी है। इसकी खबर मिलते ही नगर के समाजजनों ने खुशी जाहिर की है। समाज के पूर्व अध्यक्ष पवन जैन ने बताया कि मुनि श्री का आष्टा के लिए निरन्तर विहार चल रहा है।

जल्द ही मुनि संघ का नगर आगमन होगा। समाज के प्रतिनिधि मंडल ने विदिशा पहुंच कर मुनि श्री से आगामी विहार, चातुर्मास स्थापना को लेकर चर्चा की। प्रतिनिधि मंडल में समाज के पूर्व अध्यक्ष पवन जैन सहित पूर्व महामंत्री मुकेश बड़जात्या, अध्यक्ष सुरेंद्र जैन, महामंत्री आनंद जैन पोरवाल, कैलाश जैन, निर्मल जैन, मुकेश जैन आदि लोग शामिल थे।

# नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मेवाड़ा ने मार्ग व्यवस्थित करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नपबारिश के मौसम में नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसी उद्देश्य को लेकर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा अपने साथ सीएमओ राजेश सक्सेना सहित अन्य कर्मचारियों को लेकर नगर भ्रमण पर निकले। जहां उन्होंने नगर के मुख्य मार्ग बुधवारा रोड़, बड़ा बाजार, अस्पताल रोड़, जुम्मापुरा सहित अन्य रोड़ों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जहां-जहां भी रोड़ों पर गड्ढे है, उन्हें त्वरित दुरूस्त करने के निर्देश दिए गए। आगामी श्रावण सोमवार एवं त्यौहार मोहर्रम को दृष्टिगत रखते हुए चल समारोह जुलूस मार्ग स्थित रोड़ का भी निरीक्षण किया, जिसके तहत नपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री मेवाड़ा ने नपा कर्मचारियों से कहा कि जुलूस मार्ग के प्रत्येक रोड़ के गड्ढे त्वरित व्यवस्थित तरीके से भरे जाए, वहीं नाला-नालियों की उचित सफाई हो, ताकि चल समारोह में शामिल नागरिकों को आवागमन में परेशानियों का सामना नही करना पड़े। साथ ही मेवाड़ा ने रांका धर्मशाला स्थित नागरिकों की सुविधा के लिए शौचालय निर्माण के भी निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, सीएमओ राजेश सक्सेना, पार्षद रवि शर्मा, विशाल चौरसिया, मनीष श्रीवास्तव, विनोद सांगते, संजय शर्मा, अफसर खान, कैलाश घेंघट, आकाश चौहान आदि मौजूद थे।

# भगवान कृष्ण का मनाया जन्मोत्सव, लगाया भोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



भगवान श्री जगन्नाथ जी के अपनी मौसी के यहा पधारने पर आनंद धाम पर संगीत मय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। कथा का आज चतुर्थ दिवस श्रीमद् भागवत महापुराण के निम्न प्रसंग पर गजेंद्र मोक्ष कथा समुद्र मंथन राजा बली कथा वामन अवतार मत्स्य अवतार अँमरीश नाभा, सगर, गंगा जी का प्राकट्यश्री राम कथा भगवान श्री कृष्ण काप्राकाट्य प्रार्थना वसुदेव देवकी का विवाह एवं भगवान श्री कृष्ण का प्रकाट्य जन्मोत्सव का विस्तार से कथा सुनाई। चतुर्थ दिवस पर कथा व्यास पंडित कन्हैया लाल शर्मा भागवत भूषण ने आदि को विस्तार से बताया। पंडित गजेंद्र शास्त्री धर्म अधिकारी ने बताएं कि कृष्ण जन्म बधाई सैकड़ो भक्तों द्वारा चॉकलेट टॉफी प्रसाद पुष्प वर्षा के साथ में नाचते गाते हुए कृष्ण जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। विगत 19 वर्षों से रथ यात्रा आनंद धाम पर आती है भगवान यहां पर छुट्टी मनाने 7 दिन तक विश्राम करते हैं अपनी मौसी के घर आनंद धाम पर इस अवसर पर कथा श्रवण करने जीवन सिंहजी सोलंकी, हंसकुमार वर्मा, ज्ञान सिंह ठाकुर गायक कलाकार, दीक्षांत गोस्वामी अलीपुर लंकेश अवंतीपुर बडोदिया,चंचु ताम्रकार, सुरेश पांचाल, दिलीप सांवरिया, कमलेश प्रीति ताम्रकार, शिव श्री वादी, राधेश्याम नायक, बृजमोहन सोनी, क्षमा शर्मा, उमा चंद्रशेखर शर्मा महेंद्र राधा शर्मा,रमा गजेंद्र शर्मा, अंजलि अनुराग शर्मा, बृजमोहन रानी सोनी भुवनेश्वरी शर्मा, सनातन देव शर्मा, धाता शर्मा आदि सभी भक्तगण उपस्थित रहे। धर्माधिकारी गजेंद्र शर्मा ने बताया कि आनन्द धाम पर 8 से 14 जुलाई तक दोपहर में 2 बजे से शाम 5 बजे तक पंडित भवानी शंकर शर्मा के निवास आनंद धाम आष्टा पर कथा का आयोजन किया गया है।

## जनपद पंचायत में शांति समिति की बैठक में त्योहार मनाने पर हुई चर्चा

# गंगा जमुनी तहजीब का शहर है आष्टा: विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



गंगा जमुनी तहजीब का शहर आष्टा है, इसे बदनाम नहीं होने दिया जाएगा। यहां हिन्दू-मुस्लिम हर त्योहार भाईचारा के साथ मनाते आ रहे है और मनाते रहेंगे। पशुओं के लिए बड़े स्तर पर गोशाला खोली जाएगी। सड़कों पर पड़ी हुई सामग्री को तत्काल हटाया जाए। वहीं रोड पर अतिक्रमण है तो इसे भी हटाया जाएं। साथ ही नगर में झूलते हुए बिजली के तार को दुरूस्त किया जाए।

यह बातें आगामी विभिन्न त्योहारों के चलते प्रशासन द्वारा जनपद पंचायत सभागृह में आयोजित शांति समिति की बैठक में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहीं। बैठक एसडीएम स्वाति उपाध्याय मिश्रा की अध्यक्षता में हुई। वहीं लोगों ने आने वाले त्योहार मोहर्रम, रक्षाबंधन और अन्य धार्मिक त्योहारों को लेकर अपनी-अपनी बात रखी।

इन विषयों पर हुई चर्चा बैठक में सफाई के साथ लाइट और मुख्य बाजारों की सड़कों पर झूलते हुए बिजली के तार, सड़कों पर पड़ी हुई रेत, गिट्टी, मुरम को हटाए जाए। वहीं नगर में मवेशी की बढ़ती हुई आबादी से आने वाली परेशानियों से भी अवगत कराया। जिस पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि त्योहारों और जुलूस में किसी भी प्रकार की बाधा न हो। शांति पूर्वक हर एक त्योहार मनाया जाए। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि आपके हर एक सुझाव पर नगर पालिका कार्य करेगी। इस दौरान एसडीएम स्वाति मिश्रा उपाध्याय, एसडीओपी आकाश अमलकर, तहसीलदार पंकज पवैया आदि ने भी अपनी बात रखी।

# एसडीएम, सीएमओ और नपा अध्यक्ष को दी सूचना, सफाई कर्मी करेंगे हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



आष्टा नगर पालिका के सफाई कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 13 जुलाई से हड़ताल करेंगे। इस दौरान सफाई व्यवस्था बंद रहेगी। इसकी सूचना गुरुवार को सफाई कर्मचारी संगठन ने सीएमओ और नपा अध्यक्ष को दी है। गुरुवार को सभी सफाई कर्मचारियों ने वाल्मीकि महापंचायत प्रदेश सचिव राहुल वाल्मीकि के नेतृत्व में मुख्य नगर पालिका अधिकारी, आष्टा एसडीएम को हड़ताल करने के विषय में ज्ञापन सौंपा।

### जनप्रतिनिधियों ने नहीं दिया संतोषजनक जवाब

कर्मचारी संगठन के राहुल वाल्मीकि ने बताया कि दो दिन पहले जब वेतन के लिए सभी कर्मचारी नगर पालिका पहुंचे तो वहां पर अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाडा ने उन्हें संतोषजनक जवाब नही दिया। इसके बाद सभी सफाई कर्मचारियों ने 13 और 14 तारीख को 2 दिन की हड़ताल करने का निर्णय लिया है।

### यह हैं प्रमुख मांगे

आष्टा नगर के सफाई कर्मचारियों ने 1 तारीख से 5 तारीख के बीच में वेतन दिया जाने, कर्मचारियों को जीपीएफ सुरक्षा उपकरण, बरसात के रेनकोट, जूते उपलब्ध कराने सहित अन्य मांग की। उन्होंने बताया कि समय पर वेतन नही मिलने से सभी सफाई कर्मचारियों के बैंक सिविल खराब हो रहे हैं, जिसमें बैंक के लोन संबंधी कार्य समय पर नहीं हो पा रहे हैं। इस के कारण सफाई कर्मचारियों को परेशानी आ रही है।


# स्वास्थ्य विभाग जिला कार्यालय के पास नहीं है संचालनालय का कोई विभागीय आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा


अपने उपनाम की स्पेलिंग एवं पदस्थापना को संशोधित बताने वाले डॉ कठेरिया 18 महीने बाद भी यह बात मानने तैयार नहीं है कि उनकी मूल पदस्थापना राजगढ़ नहीं अभी भी सामुदायिक केंद्र खुजनेर ही है। स्वास्थ्य विभाग के जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज भी डॉ कठेरिया की मूलपदस्थापना राजगढ़ जिला मुख्यालय से संबंधित कोई विभागीय आदेश नहीं है। इसलिए सीएमएचओ डॉ किरण वाडिवा एवं सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा द्वारा डॉ कठेरिया को कार्यमुक्त कर उनको मूलपदस्थापना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर जाने के आदेश थमा दिए गए।

### बीएमओ खुजनेर बोले- आज भी खुजनेर सामुदायिक केंद्र से बनती है डॉ कठेरिया की वेतन

### फिर जिला मुख्यालय पर कैसे बता रहे हैं नवीन पदस्थापना, अपूर्ण जानकारी देकर कर रहे हैं वरिष्ठ अधिकारियों को भ्रमित



| | | PANDEY | जिला देवास के स्थान पर जिला चिकित्सालय इन्दौर है। | जिला देवास के स्थान पर जिला चिकित्सालय इन्दौर संशोधित की जाती है। |
|---|---|---|---|---|
| 15 | 479 | DR. SANJAY KUMAR RANA | ग्रेड–पे में 5400 के स्थान पर 7600 संशोधन चाहा गया है। | प्राप्त ग्रेड–पे में 5400 के स्थान पर 7600 संशोधित की जाती है। |
| 16 | 491 | DR. D.C. ARYA | पी.जी. डिप्लोमा पी.जी.डी.पी. एच.एम. वर्ष 2013 की पृविष्टी नही है। | पी.जी. डिप्लोमा पी.जी.डी.पी.एच.एम. वर्ष 2013 की पृविष्टी निर्धारित कॉलम में की जाती है। |
| 17 | 538 | DR. RAJENDRA KATHERIYA | उपनाम की स्पेलिंग एवं पदस्थापना सी.एच.सी. खजुर जिला राजगढ के स्थान पर जिला चिकित्सालय राजगढ संशोधन चाहा गया है। | उपनाम की स्पेलिंग एवं पदस्थापना पदस्थापना सी.एच.सी. खजुर जिला राजगढ के स्थान पर जिला चिकित्सालय राजगढ संशोधित की जाती है। |
| 18 | 540 | DR. MUKESH JAISWAL | पी.जी. डिग्री जनरल सर्जरी वर्ष 2006 की पृविष्टी नही है। | पी.जी. डिग्री जनरल सर्जरी वर्ष 2006 की पृविष्टी निर्धारित कॉलम में की जाती है। |



कार्यालय कलेक्टर जिला राजगढ़ म.प्र.

क्रमांक/ 35 /सीएसटी/2024 राजगढ़ दिनांक 03 जुलाई 2024

प्रति,
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
जिला चिकित्सालय
जिला राजगढ

विषयः– संलग्नीकरण आदेश निरस्त करने बाबत प्रस्तुत आवेदन।

विषयान्तर्गत डॉ. राजेन्द्र काठेरिया (एम.एस.) प्रभारी सल्यकिया विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय राजगढ द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि आपके कार्यालय के आदेश क्रमांक /स्था./–जी/2024/6286 दिनांक 22.06.2024 निरस्त कर संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएँ म.प्र. के आदेश क्रमांक 1–जी/विज्ञप्ति/सेल–6 वरीयता/2022/01 दिनांक 02.01.2023 संलग्न किया गया जिसमें प्रार्थी के निवेदन पर उक्त आदेश से उपनाम की स्पेलिंग एवं पदस्थापना सी.एच.सी. खुजनेर जिला राजगढ के स्थान पर जिला चिकित्सालय संशोधित की जाती है का का लेख है।

अतः प्राप्त आवेदन तथा स्वास्थ्य संचालनालय का उक्त आदेश संलग्न कर निर्देशित किया जाता है उपरोक्त के संबंध में वस्तुस्थिति से अवगत कराना सुनिश्चित करे।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार

कलेक्टर
जिला राजगढ़ (म0प्र0)

### अपने 16 साल के अटैचमेंट के दौरान कितने साल स्टॉफ क्वार्टर का उपयोग किया जांच जरूरी

यदि 16 साल तक डॉ कठेरिया जिला मुख्यालय पर अटैचमेंट के तौर पर रहे तो पहली बात तो वह स्टॉफ क्वार्टर के पात्र थे ही नहीं परंतु फिर भी यदि अधिकारियों ने कैंपस में रहने की अनुमति दे भी दी तो फिर इन 16 सालों का हाउस रेंट किसके मद से और कितना काटा गया यह भी जांच का विषय है। इसकी जाचं हुई तो चौकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं।

### 18 महीनों में भी नहीं मिला विभाग को ऐसा कोई आदेश

इस बात को क्या समझा जाए कि डॉ कठेरिया 2 जनवरी 2023 का जो आदेश अपने मोबाइल में लिए लोगों को दिखाकर अपने आपको सुरक्षित मान रहे हैं और अपने ही मन में सोचे बैठे हैं कि उनकी मूलपदस्थापना राजगढ़ जिला मुख्यालय पर हो गई है तो वह गलत है। क्योंकि डॉ कठेरिया जिस आदेश को दिखाकर वरिष्ठ अधिकारियों को भ्रमित कर रहे हैं, असल में वह आदेश आज 18 महीनों के बाद भी राजगढ़ जिला मुख्यालय को प्राप्त नहीं हो पाया है। स्वास्थ्य विभाग के स्थापना से मिली जानकारी के अनुसार अभी तक ऐसा कोई आदेश उनके पास नहीं पहुंचा है।

### क्या कलेक्टर दीक्षित को भी नहीं दी सही जानकारी ?

*कलेक्टर हर्ष दीक्षित के कार्यालय द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जारी एक पत्र में डॉ राजेन्द्र कठेरिया का संलग्नीकरण समाप्त करने के लिए पत्र जारी किया गया। जिसमें संचालनालय के उसी पत्र का जिक्र किया गया है जो डॉ कठेरिया अपने बचाव में लोगों भ्रम में डालने के लिए रखे घूम रहे हैं। परंतु डॉ कठेरिया ने कलेक्टर दीक्षित को यह नहीं बताया होगा की 18 महीने के बाद भी उनका यह आदेश विभागीय स्तर पर स्वास्थ्य विभाग राजगढ़ को प्राप्त नहीं हुआ है। यदि हुआ होता तो यह नोबत ही नहीं आती। इससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि डॉ राजेन्द्र कठेरिया ने कलेक्टर दीक्षित को भी अपूर्ण जानकारी देते हुए सीएमएचओ के नाम संलग्नीकरण समाप्त करने का पत्र निकलवाया हो।*

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर से ही बनती है वेतन

*बीएमओ खुजनेर डॉ मित्तल ने इस बात को स्पष्ट कर दिया है कि डॉ राजेन्द्र कठेरिया का मासिक वेतन आज भी खुजनेर मूलपदस्थापना से ही बनता है। ऐसे में डॉ कठेरिया किस आदेश का भ्रम जाल बनाए हुए हैं यह कह पाना थोड़ा मुश्किल है और क्यों कार्यमुक्त होने के बाद अपनी मूलपदस्थापना पर नहीं जाना चाहते।*

---

रिकवरी राशि वसूलने विभाग की कवायद

## विद्युत विभाग ने मेन चैराहे पर लगवाई बकायादारों की सूची




हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

बिजली का उपयोग करने के बाद अब अनेकों उपभोक्ताओं द्वारा अर्से से बकाया राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। बिजली विभाग के कर्मचारियों की अनेकों ताकीदों के बाद भी बकायादारों ने राशि जमा नहीं करवाई तो विभाग ने अब ऐसे उपभोक्ताओं के नामों की सूची सार्वजनिक चैराहों लगवाना शुरू की है।

क्षेत्र के कालीपीठ गांव के चौराहे पर विभाग ने यह सूची लगवाई है। राजगढ़ ग्रामीण वितरण केंद्र के जूनियर इंजीनियर रवि बड़ोले ने बताया कि क्षेत्र में अनेकों ऐसे बड़े बकायादार हैं जिन पर महीनों, सालों से हजारों रुपए का बिल बकाया है। इन बकायादारों के घर जाकर, फोन लगाकर कई बार उन्हें बिल जमा करने के लिए कहा गया एवं चेतावनियां भी दी गईं। इसके बाद भी उनके द्वारा विभाग की राशि जमा नहीं करवाई जा रही है।

ऐसे में अब ऐसे बड़े बकायादारों की सूची विभाग ने सार्वजनिक चौराहों पर लगवाना शुरू किया है। बड़ोले ने बताया कि विभाग द्वारा प्रत्येक डीसी में ऐसा करवाया जाएगा और जो बड़े बकायादार महीनों से पैसा जमा नहीं करवा रहे हैं, उनके नाम इसी तरह सार्वजनिक किए जाएंगे।

---

## अनियंत्रित होकर दुकान में जा घुसा ट्रक, बाल-बाल लोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶जीरापुर

नगर के जनपद कार्यालय के सामने एक होटल मे गुरूवार रात्रि लगभग नौ बजे एक अनियंत्रित ट्रक उक्त होटल में जा घुसा। घटनास्थल पर मोके पर मौजूद लोगो ने बताया की एक ट्रक नगर परिषद के सामने से ब्रैक फैल होने से रूडकता आ रहा था। इसी दौरान आसपास जो लोग मौजूद थे उन्होंने तेज आवाज लगाकर मोजूद लोगों को आगाह कर बचने के लिए चेतया। जिससे लोग इधर-उधर भागकर बचे। इस मौके पर लोग अनियंत्रित ट्रक को अपनी और आता देख बाइक छोड़कर जान बचा कर भागें जब ट्रक नियंत्रण में आने कि स्थिति में नहीं था तो चालाक ने ट्रक को जनपद के सामने बनी होटल पर काट दिया। जिसमे मोके पर खड़ी दो बाइक ट्रक की चपेट मे आ गई। घटना मे कोई हताहत नहीं हुआ है। दूकानदार के काउंटर, कुर्सी, ड्रम, रेलिंग आदि का काफी नुकसान हुआ। जानकारी लगते ही पुलिस मोके पर पहुंच गई।

## राज्यमंत्री टेटवाल की जाति को लेकर हाईकोर्ट में याचिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़-सारंगपुर

सारंगपुर विधायक एवं मप्र शासन के कौशल विकास एवं उद्योग राज्यमंत्री गौतम टेटवाल के खिलाफ इंदौर हाईकोर्ट में याचिका दायर हुई है। बीजेपी एससी मोर्चा के उपाध्यक्ष एवं सरपंच जीतेंद्र मालवीय ने टेटवाल द्वारा स्वयं को अनूसूचित जाति वर्ग का बताने को लेकर यह याचिका दायर करवाई है।

होईकोर्ट के एडवोकेट धर्मेद्र चेलावत के माध्यम से यह याचिका दायर करवाई गई है। याचिकाकर्ता मालवीय का आरोप है कि टेटवाल ने फर्जी जाति प्रमाण-पत्र के आधार पर अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित सारंगपुर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा है। जबकि, वे जिनगर जाति से हैं जो मप्र शासन के गजट अनुसार पिछड़ा वर्ग से आती है। आरोप है कि टेटवाल ने दस्तावेजों में हेराफेरी करते हुए फर्जी जाति प्रमाण पत्र प्राप्त किया है। याचिकाकर्ता के वकील चेलावत ने बताया कि कई सुसंगत आधारों के साथ यह रिट लगाई गई है। आगामी दिनों में न्यायालय द्वारा इसकी सुनवाई की जाएगी।

इस संबंध में राज्यमंत्री गौतम टेटवाल का कहना है कि याचिकाकर्ता पर हाल ही में तीन मुकदमे सारंगपुर और पचोर थाने में दर्ज हुए हैं। पंचायत में की गई गड़बड़ी की जांच भी उनके खिलाफ चल रही है। मैं एससी वर्ग से ही हूं। न्यायालय द्वारा मांगे जाने पर सभी तथ्य, दस्तावेज वहां प्रस्तुत किए जाएंगे।

फेमस यू-ट्यूबर धमेंद्र बिलोटिया द्वारा धोखाघड़ी करने की शिकायत

## फिल्म शूटिंग अधूरी छोड़ने व आय की राशि हड़पने के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

क्षेत्र के फेमस हास्य यूट्यूबर एवं आर्टिस्ट धमेंद्र बिलोटिया द्वारा एक फिल्म की शूटिंग बीच में ही अधूरी छोड़ने एवं फिल्म के निर्माता, निर्देशकों से रुपए-पैसों की धोखाघड़ी किए जाने की शिकायत हुई है। आरोप है कि आर्टिस्ट धमेंद्र बिलोटिया ने यूट्यूब से हुई आय का हिस्सा भी अकेले ही रख लिया और अब अपनी बात से वे मुकर रहे हैं।




### क्या है पूरा मामला

*पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत करने वाले सतरंगी इंडियन टीम के राजेष कारपेंटर ने बताया कि उन्होंने और साथियों ने साल 2020 में खुजनेर के शहीद मनीष विष्वकर्मा को लेकर एक फिल्म बनाने का काम शुरू किया था। जिसमें प्रत्येक कलाकार द्वारा फिल्म के लिए 2 से 5 हजार रुपए का इन्वेस्ट किया गया। तय हुआ था कि फिल्म की आय का 10 प्रतिशत हिस्सा साथियों को दिया जाएगा जिनमें आर्टिस्ट धमेंद्र बिलोटिया भी शामिल थे। बाद में कोरोना काल के कारण फिल्म रोक दी गई और पूरी टीम धमेंद्र बिलोटिया के यूट्यूब चैनल के लिए काम करने लगी। इस शर्त पर की जो भी आय होगी उसका 50 फीसदी राशि टीम को मिलेगी। बाद में फिल्म पर काम शुरू कर दिया। इस बीच धमेंद्र बिलोटिया काफी लोकप्रिय हो गए। जब शिकायकर्ता कारपेंटर और टीम ने धमेंद्र बिलोटिया से आमदनी का आधा हिस्सा लगभग 10 लाख रुपए मांगे तो उन्होंने देने से मना कर दिया। इसके साथ ही फिल्म पर भी काम करना उन्होंने बंद कर दिया है। सतरंगी टीम के राजेश और उनकी टीम के अन्य साथियों ने एसपी से मांग की है कि धमेंद्र बिलोटिया पर निमयमानुसार कार्रवाई करते हुए उन्हें उनके हिस्से की राशि दिलवाई जाए। इस बारे में जब हरिभूमि ने धमेंद्र बिलोटिया से संपर्क करना चाहा तो नहीं हो पाया।*

---

## सीएमएचओ के निरीक्षण में अनुपस्थित मिले मेडिकल ऑफिसर




**राजगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. किरण वाडीवा ने शुक्रवार को सारंगपुर ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धामंदा का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में मेडिकल ऑफिसर डॉ. महेश गौर अनुपस्थित मिले। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र की विभिन्न व्यवस्थाओं में भी काफी कमी नजर आईं। इसके साथ ही मरीजों को दी जाने वाली सेवाओं से संबंधित जानकारी जब सीएमचएचओ ने ली तो उन्होंने अप्रसन्नता व्यक्त की। केंद्र पर स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं का पालन भी नियमानुसार नहीं करवाया जा रहा है।

## मजदूर युवक लापता, थाने में गुमशुदगी का मामला दर्ज

**सारंगपुर।** शाजापुर जिले के मोहन बड़ोदिया थाना क्षेत्र अंतर्गत नया गांव अकोदिया निवासी युवक समीप ग्राम बिलोदा पूर्विया में मजदूरी करता था, लेकिन अचानक 10 तारीख को कहीं लापता हो गया। जिसकी शिकायत



परिजन के द्वारा थाना सारंगपुर में दर्ज की गई। पुलिस द्वारा गुमशुदगी का मामला कायम कर लापता युवक की खोज की जारी की इस बीच युवक की मोटरसाइकिल एक नाले के पास से जप्त हुई लेकिन युवक का पता नहीं लगा जब पुलिस ने इंटरनेट के माध्यम से जानकारी ली तो उसकी लोकेशन चेन्नई मद्रास की आ रही है लापता युवक अपने-पिता से भी बात करता है लेकिन सही स्थिति नहीं बता रहा है कि वह कहां है और किसके साथ है फिलहाल पुलिस लोकेशन को आधार बनाकर ही खोजबीन करने में जुटी हुई है।

सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास की दी जानकारी

## राज्यमंत्री टेटवाल ने प्रदेश सरकार के बजट की गिनाईं उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

समीप ग्राम भेंसवा माता में भारतीय जनता पार्टी की जिला बैठक संपन्न हुई। इसके पूर्व राज्य मंत्री गौतम टेटवाल द्वारा प्रदेश सरकार के बजट को लेकर विस्तार से चर्चा करते हुए मध्य प्रदेश सरकार के कुशल प्रबंधन से विकास एवं जल कृषि क्षेत्र आयुष्मान महिलाओं का शक्तिकरण शिक्षा अनुसूचित जाति जन जाति कल्याण सहित पीएम स्वनिधि योजना प्रधानमंत्री ग्राम सड़क पीएम आवास मातृवंदना ,मछुआ क्रेडिट कार्ड पशु रोग निवारण सहित आजीविका मिशन को लेकर बिंदुवार चर्चा की। साथ ही बताया कि 1 करोड़ 8 लाख परिवार के 4 करोड़ 1 लाख सदस्यों के आयुष्मान कार्ड बनाने की भी जानकारी दी। साथ ही मध्य प्रदेश में गरीबी रेखा में जीवन स्तर को सुधारा हे अब तक मध्य प्रदेश के 2 करोड़ो 30 लाख लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वैश्विक एवं सबसे शक्ति शाली नेता बताते हुए कहा की 10 वर्षो में 4 करोड़




पीएम आवास उनके नेतृत्व में बनाए गए हैं। तीसरे कार्यकाल में 3 करोड़ नए आवास बनाने का लक्ष्य रखा गया हैं इस प्रकार से मध्य प्रदेश की मोहन सरकार के बजट को स्वरहारा बताते हुए कांग्रेस पर तीखी टिप्पणी की। इस दौरान जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर,जिला प्रभारी सुरेंद्र शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

---

## आर्म रेसलिंग में अमन ने गोल्ड तो हनुमंत ने जीता सिल्वर



**राजगढ़।** विगत दिनों देवास में आयोजित हुई आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता में प्रदेश के कई खिलाड़ियों ने भाग लिया। राजगढ़ जिले से अमन साहू और ब्यावरा के हनुमंत लोधा इस प्रतियोगिता में शामिल हुए। अमन ने 75 किलोग्राम कैटेगरी में गोल्ड जीता। उन्होंने फाईनल में इंदौर के खिलाड़ी को हराया। वहीं, हनुमंत लोधा ने 60 किग्रा आर्म रेसलिंग में सिल्वर प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर दोनों खिलाड़यिों के परिजनों, इष्टमित्रों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

बूथ अध्यक्ष और पोलिंग एजेंट का सम्मान करेगी भाजपा, संगठनत्मक कार्यक्रमों को लेकर भाजपा की जिला बैठक संपन्न

## कार्बन उत्सर्जन कम करने देश में 140 करोड़ तो प्रदेश में 5.5 करोड़ पौधे रोपने और सुशासन स्थापित करने का है संकल्प : राज्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशों अनुसार आगामी संगठनत्मक कार्यक्रमों को बूथ स्तर तक अमली जामा पहनाने के लिए सारंगपुर के भेसवा माता मंदिर पर पार्टी की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। जिसमें निर्धारित संगठनत्मक कार्यक्रमों की कार्य योजना पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। बैठक में राज्य मंत्री गौतम टेटवाल, सांसद रोडमल नगर, जिला प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर विधायक मोहन शर्मा अमर सिंह यादव पूर्व विधायक प्रताप मंडलोई पूर्व जिला अध्यक्ष केदार काका दीपेंद्र सिंह चौहान दीपक शर्मा मंच पर उपस्थित थे। पार्टी के पदाधिकारी ने सभी अतिथियों का अंग वस्त्र उड़ाकर उनका स्वागत किया। सांसद रोडमल नागर व राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में सभी 29 लोकसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों को मिली बड़ी जीत में बूथ स्तर के जमीनी कार्यकर्ता व पदाधिकारियों के योगदान व समर्पण को भुलाया नहीं जा सकता है। हाल ही में भोपाल में संपन्न प्रदेश कार्यसमिति की विस्तारित बैठक में इस बात का विशेष उल्लेख हुआ है। 13 से 20 जुलाई तक होने वाले शक्ति केंद्र सम्मेलनों में सभी बूथ अध्यक्ष और पोलिंग एजेंट का सम्मान किया जाएगा। उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रेषित धन्यवाद पत्रक दिए जाएंगे। मंडलों की वृहद बैठक, शक्ति केंद्र सम्मेलन में बूथ नेतृत्व का सम्मान समारोह 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा उत्सव, 26 जुलाई को कारगिल




विजय दिवस, 28 जुलाई को प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण, 4 अगस्त तक एक पेड़ मां के नाम अभियान, मतदाता अभिनंदन यात्रा तथा लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती व रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में महिला जनप्रतिनिधि सम्मेलन पर विस्तार से जानकारी दी।

जिला संगठन प्रभारी सुरेंद्र शर्मा ने कहा प्रदेश में लोकसभा चुनाव में भाजपा को 80 प्रतिशत बूथों पर विजय के साथ 59 प्रतिशत से अधिक वोट मिले हैं। अब हमारा लक्ष्य शेष 20 प्रतिशत बूथों को भी मजबूत करना है। शक्ति केंद्र सम्मेलनों में बूथ अध्यक्ष, महामंत्री, बीएलए, शक्ति केंद्र टोली, शक्ति केंद्र में निवासरत वर्तमान एवं पूर्व के जनप्रतिनिधि, सरपंच, पार्षद आदि को आमंत्रित करें। बूथ अध्यक्ष व पोलिंग एजेंट का सम्मान करें। यह सम्मान पूरी बूथ समिति एवं पन्ना प्रमुख का है। उन्होंने कहा की लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं के परिश्रम और ईमानदारी का बड़ा प्रणाम है जिन्होंने भाजपा की विचारधारा को लेकर हर लोकसभा में इतनी बड़ी जीत दर्ज कराई साथ ही में राजगढ़ लोकसभा में रोडमल नागर को तीसरी बार सांसद बनाने के लिए जिले के कार्यकर्ताओं ने जो परिश्रम किया है मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं। संगठन आत्मक कार्यक्रमों के माध्यम से अपने बूथ को योजना अनुसार आगे की कार्य योजना के लिए मजबूत बनाकर कार्य करें। भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर ने कहा की भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है जिनके परिश्रम से लोकसभा से लेकर के विधानसभा चुनाव तक पार्टी को प्रचंड जीत मिली संगठनत्मक कार्यक्रमों के माध्यम से कार्यकर्ता अपने बूथ को मजबूती प्रदान करें। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री के एक पेड़ मां के नाम अभियान को लेकर हम अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर पर्यावरण को मजबूती प्रदान करें। सभी मंडलों में बैठक आयोजित की जाएगी उसके बाद शक्ति केंद्रों की बैठक होगी। जिसमें हम लोकसभा चुनाव में हर बूथ पर संतों का सम्मान करते हुए उनके प्रति धन्यवाद ज्ञापित करेंगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं ने परिश्रम की पराकाष्ठा करते हुए मध्यप्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाकर देश में सर्वश्रेष्ठ परिणाम दिया है। प्रधानमंत्री ने देश में कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए 140 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य दिया है। इसमें मप्र की भाजपा सरकार ने 5.5 करोड़ पौधारोपण का संकल्प लिया है। एक पेड़ मां के नाम अभियान को सफल बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है।